दिनांकः 18.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–किसानों की आय और उपज बढ़ाना सरकारी की प्राथमिकता।
- प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में इस बार 40 धार्मिक स्थल शामिल–56 हजार बुजुर्गों को यात्रा करवाई जाएगी।
- स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में पहली बार राजस्थान के सभी शहरों की रैंकिंग में सुधार।
- मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के जल स्त्रोत लगभग 64 फीसदी भरे–आज छह जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसानों की आय और उपज बढ़ाना सरकारी की प्राथमिकता है। श्री मोदी आज बिहार के मोतीहारी में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों को आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हाल ही प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में कृषि के मामले में सबसे पिछड़े सौ जिलों को चिन्हित किया जाएगा। इस योजना का सीधा लाभ देश के करीब पौने दो करोड़ किसानों को होगा। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को रोजगार प्रोत्साहन के लिए सरकार एक लाख करोड़ रुपये की योजना लेकर आई है।

000

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने उत्पादकता और किसानों की आय बढाने के लिए नई कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया है। उन्होंने पारम्परिक और जैविक खेती अपनाने और रासायनिक उर्वरकों का कम से कम इस्तेमाल करने की बात कही है। डॉ. मीणा आज जयपुर में विभागीय अधिकारियों और विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों की बैठक में बोल रहे थे। कृषि मंत्री ने बताया कि एआई का उपयोग कर किसान बेहतर तरीके से खेती कर सकते हैं। इससे फसल प्रबंधन, कीट और रोगों का पता लगाने और मौसम की जानकारी लेने में सहायता मिलती है।

000

प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस बार 56 हजार बुजुर्गों को यात्रा करवाई जाएगी। इनमें 50 हजार वरिष्ठजन को एसी ट्रेन से और 6 हजार को हवाई यात्रा करवाई जाएगी। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने आज जयपुर में देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

इसके लिए 10 अगस्त तक आवेदन किये जा सकेंगे। श्री कुमावत ने बताया कि इस बार योजना के तहत श्रुद्धालुओं को 40 तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर मिलेगा। मीडिया से बातचीत में श्री कुमावत ने कहा कि देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले मंदिरों के अलावा सरकार अन्य मंदिरों में प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रही है।

000

राज्य में बाघों के सरंक्षण और टाइगर रिजर्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज जयपुर में बैठक आयोजित की गई। वन मंत्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या, निगरानी व्यवस्था और तकनीकी संसाधनों पर चर्चा की गई। इस दौरान वन मंत्री ने सीसीटीवी, ड्रोन सर्विलांस और ई गश्त प्रणाली को मजबूत करने के निर्देश दिये। उन्होंने अभ्यारणयों में साफ–सफाई की उचित व्यवस्था के साथ ही पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढाने पर भी जोर दिया।

000

राज्य सरकार ने आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा के नियमों में बदलाव किया है। अब राज्य के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश केवल यूकेजी 3 और पहली कक्षा में संभव होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्राथमिक स्तर की एलकेजी और यूकेजी 2 में अब फीस

पुनर्भरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे नीचे की कक्षाओं में नामांकित बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई का लाभ नहीं मिलेगा।

000

प्रदेश में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए पोर्टल जल्द खोला जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को दसवीं और बारहवीं की अंकतालिकाओं को डिजि लॉकर में रखना होगा। इसके अलावा किसी भी तरह के त्रुटि सुधार को सुनिश्चित करना होगा।

000

देश में स्वच्छता मानकों के आकलन और प्रोत्साहन के महत्वपूर्ण प्रयासों में से एक है, स्वच्छ सर्वेक्षण। आवास और शहरी मंत्रालय की ओर से हर साल इसका आयाजन किया जाता है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में राजस्थान ने काफी सुधार करते हुए राष्ट्रीय पटल पर अपनी छवि को मजबूत किया है। एक रिपोर्ट–

000

राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को दुनियाभर के देशों का समर्थन मिल रहा है। श्री त्रिवेदी आज जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के मुख्य आरोपी आतंकी संगठन टीआरएफ द टेररिस्ट फ्रंट को अमेरिका ने भी प्रतिबंधित कर दिया है।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज मुंबई में **भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.सी.टी.** का उद्घाटन किया। इसे राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम–एन.एफ.डी.सी. परिसर में शुरू किया गया है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने रचनात्मक उद्योगों को आगे बढ़ाने के सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संस्थान युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। आई.आई.सी.टी. के विकास के लिए केंद्र सरकार ने चार सौ करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

000

मौसम विभाग ने आज अजमेर, भीलवाड़ा, बूंदी, कोटा, टोंक और पाली में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा नौ जिलों में तेज बरसात का ऑरेंज अलर्ट और कुछ जिलों में येलो अलर्ट बताया गया है। इस बीच, आज लगातार बारिश के सिलसिले से कई जगह जनजीवन अस्त–व्यस्त हो रहा है और अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लोगों से नदियों के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की अपील की गई है। कोटा, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, धौलपुर, पाली और करौली सहित अन्य स्थानों पर तेज बारिश हुई। बारां में रिमझिम बारिश का दौर चला। राजसमंद में भी मूसलाधार बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि भारी बारिश से कुंभलगढ़ में हालात खराब हो गये हैं।

--------------

बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा करीब 16 सेंटीमीटर बारिश कोटा के सांगोद में दर्ज हुई। इसके अलावा बारां, अजमेर, झालावाड़, बूंदी, करौली, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ और नागौर में भी जोरदार पानी बरसा। मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के जल स्त्रोत लगभग 64 फीसदी भर चुके हैं। छोटे–बड़े 693 बांधों में से 115 लबालब हैं और 404 आंशिक रूप से भर चुके हैं।

000

जयपुर में आज से सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले की शुरूआत हुई। पहली बार की गई इस पहल का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। श्री देवनानी ने कहा कि सभी सीए को राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करना चाहिए, जिससे उनकी प्रतिभा का उपयोग देशहित में हो सके।

000